# वागड़ संदेश

Title Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 अंक-172 | सागवाड़ा, बुधवार, 22 फरवरी, 2023 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)


## ओम सेवा संस्थान ने जीती सांसद क्रिकेट प्रतियोगिता

**सागवाड़ा।** सांसद कनकमल कटारा की ओर से आयोजित सर्व समाज सांसद क्रिकेट खेल प्रतियोगिता का फाइनल मैच महिपाल खेल मैदान में ग्रामीण मंडल बांसवाड़ा और ओम सेवा संस्थान सागवाड़ा के मध्य हुआ। आयोजन समिति के संयोजक शिवशंकर भेमई, सह संयोजक नयन कटारा, मुख्य निर्णायक चंद्रकान्त जोशी, प्रभारी हरिशचन्द्र अम्बाडा ने बताया कि ग्रामीण मंडल बांसवाड़ा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की व निर्धारित पन्द्रह ओवर में 128 रन बनाए। बांसवाड़ा के संदीप गुर्जर ने 24 बोलों में 51 रन बनाए। सागवाड़ा के उपेन्द्र और संस्कार राव ने सधी हुई गेंदबाजी करते हुवे अपनी टीम के लिए तीन तीन विकेट लिए। जवाब में ओम सेवा संस्थान सागवाड़ा ने 12 ओवर में 4 विकेट पर 129 रन बना कर फाइनल मैच 6 विकेट से जीत लिया। इस प्रकार से ओम सेवा संस्थान सागवाड़ा विजेता और ग्रामीण मंडल बांसवाड़ा उपविजेता रही। सागर जोशी 24 रन बनाकर आउट हुवें। बेस्ट बैट्समैन संदीप गुर्जर, बेस्ट बोलर अर्पित जोशी और मेन ऑफ द सीरीज हिमांशु पाटीदार रहे। प्रतियोगिता में निर्तन व्यास, जयप्रकाश पाटीदार, रमणलाल बुनकर, वीरेंद्रसिंह बेडसा, राजेश बुनकर, शंकरलाल ताबियाड, अरविंद शर्मा, ओमप्रकाश पुरोहित, सुरेन्द्र भट्ट, प्रवीण पुरोहित, प्रकाश पाटीदार, भव्य भीलूड़ा, सुधीर पाटीदार ने सहयोग किया। फाइनल मैच के तुरंत बाद समापन समारोह डूंगरपुर बांसवाड़ा के सांसद कनकमल कटारा के मुख्य आतिथ्य में तथा भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री सुशील कटारा की अध्यक्षता में हुआ। समापन समारोह में अतिथियों ने विजेता व उप विजेता टीमों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र व नकद राशि से सम्मानित किया। वही वक्ताओं ने सम्बोधित करते हुए खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन की सराहना की व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर पूरे देश में होने वाले इस तरह की आयोजनों की जमकर प्रशंसा की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभु पंड्या, पूर्व अध्यक्ष गजेंद्रसिंह चौहान, किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हरीश पाटीदार, वरिष्ठ नेता हेमंत दादा पाठक, जिला प्रमुख सूर्या अहारी, डूंगरपुर सभापति अमृतलाल कलासुआ, प्रधान ईश्वरलाल सरपोटा भी बतौर अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम में कई पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व नागरिक मौजूद रहे।



सागवाडा। सांसद क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित करते भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा।

## शहर में ट्रैफ़िक व्यवस्था सुधार की तैयारी

### पालिका अध्यक्ष ने बैंक अधिकारियों के साथ की बैठक

**सागवाडा।** शहर में ट्रैफ़िक व्यवस्था को सुधार को लेकर नगर पालिका की ओर से सख्ती शुरू कर दी गई है। विभिन्न समाचार पत्रों एवं नगरपालिका की साधारण सभा की बैठक में नगर की ट्रैफ़िक व्यवस्था को लेकर बात रखी गई थी। ख़ासकर शहर में सड़क मार्ग पर मौजूदा बैंकों के बाहर खड़े रहने वाले दुपहिया वाहनों से बिगड़ रही शहर की ट्रैफ़िक व्यवस्था का मुद्दा उठाया गया था। इसके लिए नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया और उपाध्यक्ष राजु मामा शेख़ और ईओ लालशंकर बलाई की मौजूदगी में बैठक हुई।

बैठक में बैंक अधिकारियों को अवगत कराया गया कि बैंक के बाहर दुपहिया वाहनों को बेतरतीब खड़े रहने से ट्रैफ़िक संबंधी समस्या रही है। प्रमुख रूप से स्टेट बैंक, एयू फाइनेंस, पंजाब नेशनल बैंक, सेंट्रल बैंक, बैंक आफ इंडिया, एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, यूनियन बैंक सहित अन्य बैंक सड़क पर मौजूद है, लेकिन किसी भी बैंक के पास पार्किंग की व्यवस्था नही है। बैंकों के सामने अवैध पार्किंग जाम का कारण बनती जा रही है। बैंकों के सामने फुटपाथ से सटाकर कतारों में गाड़ियों को खड़ा कर दिया जाता है।

बैठक में सड़क किनारे खड़े रहने वाले थैला व्यवसायी व लारी वालों को भी हटाने का निर्णय लिया गया।

### पालिका की ज़मीन पर क़ब्ज़ा किया तो होगी कार्रवाई

नगर पालिका की ओर से नगरपालिका क्षेत्र सागवाडा में पालिका की भूमि का सर्वे शुरू कर दिया गया है। साथ ही जहाँ भी पालिका की ख़ाली पड़ी भूमि है वह बोर्ड लगाया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में जहाँ भी पालिका की भूमि है उसका सर्वे करायी जा रही है जहाँ भी पालिका की भूमि पर अतिक्रमण मिलेगा तत्काल हटाया जाएगा।

## जयपुर से मुंबई के लिए फिर चलेगी रोडवेज बस

**जयपुर।** राजस्थान रोडवेज अब मुंबई तक बस सेवा शुरू कर रहा है। दरअसल, निगम की ओर से 23 फरवरी से 7 रूटों पर 8 नई सुपर लग्जरी और स्लीपर बसों का संचालन शुरू करेगा। इसमें जयपुर मुंबई के लिए सीधे बस संचालित की जाएगी। इसके लिए 2048 रुपए किराया देना होगा। इसके अलावा जयपुर से दिल्ली जाने वाले यात्रियों को 5 घंटे में पहुंचाया जाएगा। इसके लिए जयपुर से दिल्ली के बीच 2 लग्जरी बसों का संचालन दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे से होकर करवाया जाएगा। जो दौसा होकर जाएगी।

राजस्थान रोडवेज के एमडी नथमल डिडेल ने बताया- एक बार फिर जयपुर से मुंबई के बीच बस का संचालन शुरू करने जा रहे हैं। इनका शुभारंभ 23 फरवरी को परिवहन मंत्री बृजेन्द्र सिंह ओला करेंगे।

## नाबालिग साली के साथ दुष्कर्म किया, कोर्ट ने दोषी जीजा को 10 साल कठोर कारावास की सजा सुनाई

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर जिले की पोक्सो कोर्ट ने नाबालिग साली से दुष्कर्म के मामले में आरोपी जीजा को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने दोषी जीजा को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है. वही दोषी पर एक लाख 10 हजार 500 रुपए का जुर्माना भी लगाया है। 9 जून 2021 को चितरी थाने में पीडिता के पिता ने मामला दर्ज करवाया था। डूंगरपुर जिले की पोक्सो कोर्ट के विशिष्ठ लोक अभियोजक योगेश जोशी ने बताया कि चितरी थाना क्षेत्र निवासी पीडिता के पिता ने चितरी थाने में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया था कि उसका 29 वर्षीय जमाई जीवराम पुत्र वेलजी खांट मीणा निवासी भेसरा बड़ा उसके घर पर आया था। इसके बाद जीवराम उसकी नाबालिग छोटी बेटी को अपना नया घर दिखाने के लिए अपने गाँव भेसरा बड़ा ले गया था। इसके बाद जीवराम ने अपने नए घर पर अपनी नाबालिग साली के साथ दुष्कर्म किया था। वहीं पीडिता ने अपने घर आकर आपबीती अपने परिजनों को बताई। जिस पर पीडिता के पिता ने चितरी थाने में दुष्कर्म की रिपोर्ट दी थी. चितरी थाना पुलिस ने आरोपी जीवराम खांट के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए उसकी तलाश की. वहीं करीब 6 माह बाद पुलिस ने आरोपी जीवराम को गिरफ्तार किया था. इधर मामले में पुलिस ने अनुसन्धान पूर्ण करने के बाद डूंगरपुर पोक्सो कोर्ट में आरोपी जीवराम के खिलाफ चालान पेश किया. इसी मामले में आज डूंगरपुर पोक्सो कोर्ट ने अंतिम सुनवाई करते हुए आरोपी जीजा जीवराम को दोषी करार दिया। वहीं कोर्ट ने दोषी जीजा को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई वही दोषी पर एक लाख 10 हजार 500 रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

## युवक की हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर।** वरदा थाना पुलिस ने मोरन नदी के पेटे में एक युवक का शव मिलने के मामले में मर्डर के आरोपी युवक को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक ने मृतक को घर जाने के लिए कहा तो गुस्से में दोनों के बीच लड़ाई हो गई। फिर पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी थी। एसपी कुंदन कुंवरिया ने मर्डर के सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए कहा की 20 फरवरी को आंतरी निवासी शुभम पंचाल का शव मोरन नदी के पेटे में पड़ा हुआ मिला था। उसके सिर को पत्थरों से कुचल दिया था। पुलिस ने मामले में हत्या का केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस को कई सुराग मिले। पुलिस ने हत्या के संदेह में सुनील उर्फ सोनू पुत्र गणेशलाल नाई निवासी आंतरी को मोडी माता मंदिर के पीछे को जंगल से पकड़ा।

आरोपी सुनील उर्फ सोनू ने हत्या की वारदात करना कबूल कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि शुभम मोरन नदी के पास बैठकर फोन पर किसी से बात कर रहा था। इस पर सुनील उर्फ सोनू वहां गया और शुभम से कहा की तू यहां क्यू बैठा है। घर चला जा। इतना कहते ही शुभम झगड़ा करने लगा। इस पर सुनील उर्फ सोनू को भी गुस्सा आ गया।

## गुजरात में खडगदा की श्रद्धा के काव्य संग्रह 'उड़ान' भावनाओं की अभिव्यक्ति का विमोचन

### अहमदाबाद एसजीवीपी इंटरनेशनल स्कूल के सभागार मे किया गया




**सागवाडा।** गुजरात साहित्य अकादमी द्वारा साहित्योत्सव मातृभाषानु पर्व कार्यक्रम का अहमदाबाद एसजीवीपी इंटरनेशनल स्कूल के सभागार मे किया गया । जिसमे विभिन्न श्रेणियों के अन्तर्गत भिन्न-भिन्न विषयों पर लिखी गई पुस्तकों का विमोचन किया गया। इसी कार्यक्रम की एक श्रृंखला में नारी चेतना के अंतर्गत वागड़ की खड़गदा निवासी अध्यापिका श्रद्धा पत्नी डॉ. चिराग भट्ट द्वारा लिखित काव्य संग्रह 'उड़ान' भावनाओं की अभिव्यक्ति का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धा भट्ट ने न केवल साहित्यकारों के साथ मंच साझा किया बल्कि अपनी रचना का वाचन भी किया। कार्यक्रम का शुभारंभ शास्त्री श्री माधवप्रियदास जी स्वामी तथा गुजरात साहित्य अकादमी के अध्यक्ष भाग्येश झा ने किया। कार्यक्रम में पद्मश्री प्रवीण दरजी, डॉ भरत जोशी, डॉ सोनल पंड्या तथा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त मित्तल पटेल मौजूद रहे। श्रद्धा भट्ट ने 3000 से भी अधिक कविताएँ लिखी है । मानवीय भावनाओं पर आधारित उनका काव्य संग्रह 'उड़ान-भावनाओं की अभिव्यक्ति' नोशन प्रेस द्वारा प्रकाशित किया गया है । इनकी रचनाएँ समय समय पर प्रतिष्ठित अखबारों में भी प्रकाशित होती रहती है ।

## मोदी सरकार ओल्ड पेंशन स्कीम के विरोध में :गहलोत



**जयपुर।** सीएम अशोक गहलोत ने ओल्ड पेंशन स्कीम (OPS) को लेकर पीएम मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर हमला बोला है। गहलोत ने कहा- हमने इस बार OPS दिया है। केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण OPS का विरोध कर रही हैं। संसद में भी पीएम विरोध कर चुके हैं। OPS लागू करने वाले राज्यों को भला बुरा कहा गया। गहलोत ने कहा इनसे (मोदी- सीतारमण) से हम निपट लेंगे, निपटना जानते हैं। सरकार रिपीट करोगे तो स्कीम्स और मजबूत होंगी। ओपीएस को खत्म नहीं करने देंगे। गहलोत जयपुर जिले में किशनगढ़-रेनवाल के रघुनंदपुरा में मंगलवार को मूर्ति अनावरण समारोह में बोल रहे थे। गहलोत ने कहा कि हमारी कल्याणकारी योजनाएं हैं। सामाजिक सुरक्षा के लिए हैं। ये विश्वगुरु बनने की बात करते हैं। विश्वगुरु तो तब बनोगे जब सामाजिक सुरक्षा के लिए काम करेंगे। विदेशों में सामाजिक सुरक्षा के तहत वीकली पैसा मिलता है। केंद्र सरकार को भी सामाजिक सुरक्षा के लिए कानून बनाना चाहिए।

गहलोत ने कहा कि मैंने बजट बनाने में बहुत मेहनत की है। राहुल गांधी ने कहा था कि जनता से पूछकर बजट बनाइए। मैं 10 बजट पेश कर चुका हूं। मेरी सरकार पहली थी, जिसने घोषणा पत्र को कानूनी रूप दिया। तीन-तीन बार सीएम बनना मामूली बात नहीं है। सोनिया गांधी ने मुझे पहचाना। मेरा हर पल सेवा में गया है। बचपन के संस्कार हैं। जब मैं सांसद बना तो गांव-गांव घूमता था। तीन बार जब सीएम बना तो मेरा अनुभव काम आया। गांव से जो सीखा, वह काम ले रहा हूं। बजट में मैंने अपनी पूरी जिंदगी का निचोड़ रखा है। मैं खुद बजट बनाने के बाद एक-एक चीज बारीकी से देखता हूं। मैं खुद बजट बनाने बैठता हूं, किस प्रकार हर वर्ग का ध्यान रखा जाए। गहलोत ने कहा कि पीएम ने वादा किया था कि ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट (ERCP) पर सकारात्मक सोच रखेंगे। अब याद दिला रहा हूं तो टस से मस नहीं हो रहे हैं। पानी का मंत्री जोधपुर का है, लेकिन उसे परवाह नहीं है। प्रधानमंत्री अब ERCP पर भ्रमित कर रहे हैं।

पीएम और पानी के मंत्री यह सोच रखते हैं, यह अच्छी बात नहीं है। बीसलपुर का पानी जयपुर लाने वाले हम लोग हैं। पानी की समस्या क्या होती है, यह राजस्थान से ज्यादा कोई नहीं समझ सकता। गहलोत ने कहा- सरकार बदलती है तो हम उसके काम बंद नहीं करते। वो हमारे काम बंद कर देते हैं।

## गैंगस्टरों-अपराधियों पर लगेंगी नकेल, अब फायरिंग व रंगदारी लेने वाले बचेंगे नहीं : उमेश मिश्रा



**जयपुर।** महानिदेशक पुलिस उमेश मिश्रा ने कहा है कि आपराधिक घटनाओं की प्रभावी रोकथाम के लिये पुलिस द्वारा भी संगठित होकर गंभीर सामुहिक प्रयासों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हार्डकोर क्रिमिनल्स के बारे में सभी आवश्यक सूचनाओं को पड़ौसी राज्यों के पुलिस अधिकारियों के साथ साझा कर संगठित अपराधों पर अंकुश लगाया जा सकता है। मिश्रा मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में 5 राज्यों के अतिरिक्त महानिदेशक स्तर के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। संगठित अपराध के संबंध में आयोजित इस बैठक में हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, गुजरात और राजस्थान के पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया।

## जयपुर में पुलिस गाड़ी से कूदा हत्यारा, पैर टूटे



**जयपुर।** जयपुर में पुलिस गाड़ी से कूद की एक हत्यारे ने भागने की कोशिश की। चलती गाड़ी में कॉन्स्टेबल को धक्का मारकर हत्यारा बदमाश कूद गया। पैर में फ्रैक्चर होने के कारण पुलिस हिरासत में चल रहा बदमाश भाग नहीं सका। हादसे में बदमाश के साथ ही दो पुलिस कॉन्स्टेबल भी घायल हो गए। करधनी थाना पुलिस ने दोनों कॉन्स्टेबल और बदमाश को घायलावस्था में SMS हॉस्पिटल में भर्ती करवाया है। पुलिस ने बताया कि नवम्बर-2022 में प्रॉपर्टी कारोबारी विजेंद्र गुलाबबाड़ी की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी शिवराज सिंह जुसरिया उर्फ कालू को अरेस्ट किया था। हत्या का आरोपी शिवराज सिंह नागौर के मकराना का रहने वाला है। सोमवार को करधनी थाना पुलिस नक्शा-मौका तस्दीक करवाने के लिए उसे चौमूं स्थित फार्म हाउस पर लेकर गई थी। शाम को वापस लौटते समय बदमाश शिवराज सिंह ने चलती पुलिस गाड़ी में कॉन्स्टेबल को धक्का मारा। चलती पुलिस गाड़ी से कॉन्स्टेबल को धक्का मारकर नीचे कूद गया। हादसे में बदमाश शिवराज सिंह और दो कॉन्स्टेबल घायल हो गए। पुलिसकर्मियों ने तुरंत गाड़ी रोकर तीनों को संभाला। घायल बदमाश शिवराज सिंह, कॉन्स्टेबल शक्ति सिंह और राम सिंह को चौमूं हॉस्पिटल पहुंचाया। बदमाश शिवराज सिंह के पैर में फ्रैक्चर होने पर उसे SMS हॉस्पिटल में डॉक्टर्स ने रेफर कर दिया। SMSहॉस्पिटल में बदमाश शिवराज सिंह का इलाज चल रहा है। हॉस्पिटल में भर्ती बदमाश शिवराज सिंह के लिए सुरक्षा गार्ड लगा दिए गए है। इस संबंध में करधनी पुलिस ने बदमाश शिवराज के खिलाफ चौमूं थाने में पुलिस हिरासत से भागने के प्रयास का मामला दर्ज करवाया है। गौरतलब है कि करधनी थाने की स्पेशल टीम ने प्रॉपर्टी कारोबारी विजेंद्र गुलाबबाड़ी की हत्या के मामले में 12 फरवरी को मेन बदमाश शिवराज सिंह जुसरिया को उसके गांव से अरेस्ट किया था। बदमाश शिवराज 10 दिन के पुलिस रिमांड पर चल रहा था।





आपका टीवी मनोरंजन.. हमारी जिम्मेदारी

- डिश सेट करना
- डिश रिचार्ज करना
- नई डिश लगवाना
- पैकेज की जानकारी लेना

डिश टीवी के सम्बन्धित किसी भी कार्य के लिए संपर्क करे

आदित्य & कंपनी- सचिन परमार, मो. 7340191819


## प्रदेश में 10916 हिस्ट्रीशीटर, उदयपुर रेंज में 1784, हर साल 10 प्रतिशत हिस्ट्रीशीटर बढ रहे : दिनेश एमएन

**उदयपुर।** अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) दिनेश एमएन उदयपुर दौरे के दौरान अफसरों को आदतन अपराधियों की संपत्तियों सहित कुंडली तैयार करने के आदेश देकर गए हैं, ताकि बढ़ते अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाया जा सके। पुलिस रिकॉर्ड के मुताबिक वर्तमान में उदयपुर रेंज में 1784 सहित प्रदेशभर में 10916 हिस्ट्रीशीटर हैं। प्रदेश में पिछले साल करीब 9000 हिस्ट्रीशीटर थे। यानी हर साल 10 प्रतिशत हिस्ट्रीशीटर बढ़ रहे हैं, जो चिंता का विषय हैं। प्रदेशभर के 2358 आदतन अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने 500 से लेकर 5 लाख रुपए तक का इनाम घोषित कर रखा है। सर्वाधिक 5 लाख का इनामी विष्णु विश्नोई है। सर्वाधिक 2181 हिस्ट्रीशीटर जयपुर रेंज+कमिशनरेट में हैं। दूसरे नंबर पर 2041 हिस्ट्रीशीटर सीएम अशोक गहलोत के गृह क्षेत्र जोधपुर रेंज+कमिशनरेट में हैं। तीसरा नंबर उदयपुर रेंज का है।

एडीजी क्राइम एमएन के आदतन अपराधियों की संपत्तियों को चिह्नित कराने के निर्देश चुनावी साल से ठीक पहले प्रदेश सरकार के सख्त रुख की ओर इशारा करते हैं। यूपी-एमपी की तरह गहलोत सरकार भी अपराधियों की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चलवा सकती है।